प्रादेशिक समाचार

दिनांक–22.09.2024 (दोपहर–1455 बजे)

भारतीय जनता पार्टी की परिवर्तन यात्रा राज्यभर में जारी है। इस सिलसिले में उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य आज हजारीबाग प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा में शामिल हुए। उन्होंने कोडरमा जिले के झुमरी तिलैया ब्लॉक मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित किया। केशव प्रसाद मौर्य पलामू प्रमंडल की परिवर्तन यात्रा के अंतर्गत गढ़वा जिले के रंका हाईस्कूल मैदान में भी जनसभा को संबोधित करेंगे।

****

राज्य सरकार कल से मंईयां सम्मान यात्रा शुरू करेगी। गढ़वा जिले के वंशीधरनगर से यात्रा का शुभारंभ होगा। इस दौरान राज्यभर में सैकड़ों सभा आयोजित की जाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर कहा कि उलीहातू में भगवान बिरसा मुंडा को नमन कर वे गढ़ देवी की पावन भूमि गढ़वा से इस यात्रा की शुरूआत करेंगे। इधर झामुमो ने अपने कार्यकर्ताओं से इस सम्मान यात्रा में शामिल होने का आह्वान किया है।

****

राज्य में विधानसभा चुनाव को लेकर लगातार सरगर्मी बढ़ती जा रही है। चुनाव तैयारियों का जायजा लेने के लिए भारत निर्वाचन आयोग की टीम कल से राज्य के दो दिवसीय दौरे पर आ रही है। पहले दिन आयोग की टीम राजनीतिक दलों के साथ बैठक करेगी। उसके अगले दिन 24 सितंबर को पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक होगी। गौरतलब है कि राज्य में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के0 रवि कुमार के निर्देश पर विधानसभा चुनाव को लेकर विभिन्न स्तरों पर पिछले कई महीनों से तैयारियां जारी हैं। राज्य में द्वितीय मतदाता सूची पुनरीक्षण और मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन भी हो चुका है।

****

हिमाचल प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति एमएस रामचंद्र राव झारखंड उच्च न्यायलय के नये मुख्य न्यायधीश होंगे। केन्द्रीय विधि और न्याय मंत्रालय ने इससे संबंधित अधिसूचना जारी कर दी है। वर्तमान में झारखंड हाईकोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस के रूप में न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद कार्यरत हैं।

****

झारखंड में जेएसएससी–सीजीएल के दूसरे दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से जारी है। कदाचारमुक्त परीक्षा को लेकर पूरे राज्य में इंटरनेट सेवा आज दूसरे दिन भी बंद रहा। इंटरनेट बंद रहने से व्यापारिक और सामाजिक गतिविधियां पूरी तरह से प्रभावित हुई है।

****

जेएसएससी परीक्षा को लेकर राज्यभर में इंटरनेट बंद किये जाने पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने राज्य सरकार पर जमकर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि राज्यव्यापी परिवर्तन यात्रा से हेमंत सरकार डरी हुई है और सोशल मीडिया पर यात्रा का प्रचार रोकने के लिए इंटरनेट बंद किया गया है।

****

पुलिस मुख्यालय ने भाकपा माओवादियों के 27 सितंबर तक चलने वाले स्थापना दिवस को लेकर सभी जिलों को सतर्कता बरतने का निर्देश दिया है। पुलिस मुख्यालय ने आशंका व्यक्त की है कि स्थापना दिवस के बहाने नक्सली अपने प्रभाव वाले क्षेत्रों में विकास कार्य से जुड़े स्थलों, सुरक्षा बलों, रेलवे ट्रैक और मोबाईल टॉवर को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

****

साइबर अपराधियों के खिलाफ देवघर साइबर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने पथरड्डा ओपी और सारठ थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में छापेमारी कर पांच साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। साइबर पुलिस उपाधीक्षक राजा कुमार मित्रा ने बताया कि गिरफ्तार साइबर अपराधियों के पास से सात मोबाइल फोन और आठ सिम कार्ड बरामद किए गए हैं।

****

बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर एम्स देवघर में इंडोस्कॉपी डाइग्नोस्टेकि सेंटर शुरू किया गया है। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे संवाददाता––

****

भारत ने बांग्लादेश को दो क्रिकेट टेस्ट मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में 280 रनों से पराजित कर दिया है। इस जीत के साथ भारत ने सीरीज में 1–0 की बढ़त बना ली है। 515 रनों के विशाल लक्ष्य का पीछा करते

हुए, बांग्लादेश की टीम चौथे दिन अपनी दूसरी पारी में 234 रनों पर ढेर हो गई। भारत की ओर से रविचंद्रन अश्विन ने छह विकेट झटके और भारत को शानदार जीत दिलायी।

******समाप्त*******